पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने इलाहाबाद संग्रहालय 'समिति' एवं 'कार्यकारिणी समिति' की बैठक की अध्यक्षता की
संग्रहालय कर्मचारियों को मिलेगा सातवें वेतन आयोग का लाभ
संग्रहालय में दर्शकों की संख्या बढ़ाने के लिए नए प्रयोगों पर विचार करें - श्री नाईक

लखनऊः 28 अगस्त, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक की अध्यक्षता में आज राजभवन में इलाहाबाद संग्रहालय समिति एवं इलाहाबाद संग्रहालय समिति की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर, सुश्री शैफाली शाह संयुक्त सचिव भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय, प्रो0 डी0एन0 त्रिपाठी, सुश्री विदुला जायसवाल, प्रो0 के0के0 थपलियाल, प्रो0 शबाहत हुसैन, प्रो0 चितरंजन पंडा सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

बैठक में राज्यपाल/पदेन अध्यक्ष इलाहाबाद संग्रहालय श्री राम नाईक की अनुमति से यह निर्णय लिया गया कि संग्रहालय के कर्मचारियों को 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन का लाभ दिया जाएगा। बैठक में श्री राजेश पुरोहित निदेशक इलाहाबाद संग्रहालय को भारती संग्रहालय कोलकाता के निदेशक पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु औपचारिक अनुमति प्रदान की गई। अग्रिम आदेशों तक डाॅ0 सुनील गुप्ता डिप्टी क्यूरेटर को कार्यकारी निदेशक पद का कार्यभार प्रदान किया गया है। श्री पुरोहित की नियुक्ति भारती संग्रहालय कोलकाता में पदभार ग्रहण करने की तिथि से 3 वर्ष के लिए होगी।

श्री नाईक ने कहा कि संग्रहालय को उच्चीकृत करते हुए आगुंतक सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की जाए। नए प्रयोगों के माध्यम से दर्शकों की संख्या को बढ़ाने हेतु विचार करें। समूह में आने वाले विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए विशेष व्यवस्था की जाए जिससे संग्रहालय में संग्रहित वस्तुओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हो। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रचार माध्यमों का प्रयोग करें जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग संग्रहालय की ओर आकर्षित हों तथा संग्रहालय की आय को बढ़ाने के लिए उचित एवं व्यवहारिक कदम उठाए जाएं।

बैठक में पूर्व में सम्पन्न कार्यकारिणी समिति की बैठक की पुष्टि तथा समीक्षा की गयी और वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त की सूचना ग्रहण की गयी। संग्रहालय को भारत सरकार के संस्कृति मंत्रलाय से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार दर्शकों के प्रवेश शुल्क तथा अन्य शुल्कों के संशोधन के संबंध में प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए गए। बैठक में इलाहाबाद संग्रहालय के वर्तमान भूखण्ड को फ्री-होल्ड कराने विषयक प्रस्ताव का अनुमोदन भी किया गया।

इलाहाबाद संग्रहालय की कार्यकारिणी समिति के बैठक में अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई।

अंजुम/ललित/राजभवन (323/39)

‘इलाहाबाद संग्रहालय समिति’
तथा इसकी
‘कार्यकारिणी समिति’
की बैठक
दिनांक 28 अगस्त, 2017
राजभवन, लखनऊ